टीएसपीडीएल के विकास में ग्राहकों का महत्वपूर्ण योगदान: संदीपन

जमशेदपुर : टाटा स्टील प्रोसेसिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड का कस्टमर मीट 2011 का आयोजन बेल्डीह क्लब में किया गया इस अवसर पर अपने संबोधन में कंपनी के प्रबंध निदेशक संदीपन चक्रवर्ती ने कहा कि टीएसपीडीएल को 1600 करोड़ के टर्नआवेर वाली कंपनी बनाने में ग्राहकों का महत्वपूर्ण योगदान है, उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप की विश्वसनीयता व ग्राहक संबंध विकास का मुख्य आधार है, स्वागत संबोधन टीएसपीडीएल के महाप्रबंधक ओमप्रकाश ने दिया। उन्होंने टीएसपीडीएल के 2015 तक के ग्रोथ प्लान के संबंध में जानकारी दी, टाटा स्टील के मुख्य प्रबंधक श्री संतोष एंटोनी ने गुणवत्तापूर्ण स्टील उपलब्ध करवाते रहने का आश्वासन दिया, टाटा मोटर्स के महाप्रबंधक मोहन कुमार ने 2015 तक कंपनी में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी एकमा के चेयरमेन कमानी के टीएसपीडीएल के कस्टमर रिलेशन की सराहन की।

कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी सुधांशु पाठक, सतोष एंटोनी, आशीष गुप्ता, आलोक कृष्णा, ट्यूब डिवीजन के ईआसी राजीव मंगल, टाटा मोटर्स के वरीय महाप्रबंधक पीके सिन्हा, महाप्रबंधक मोहन कुमार, श्रीराम कुमार, आरएसबी ट्रांसमिशन के प्रबंध निदेशक एसके बेहरा, एकमा के चेयरमेन किलोल कमानी समेत कई कंपनियों के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए, कार्यक्रम में टीएसपीडीएल के सीईओ अब्राहम, स्टीफेंस, श्यामल चक्रवर्ती, हेड अशोक बलियान व हेड जयदेव चांद समेत अन्य शामिल हुए, कार्यक्रम का संचालन चटर्जी व धन्यवाद ज्ञापन सौमित्र मुखर्जी ने दिया।